आकाशवाणी शिमला

14.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19.45बजे

मुख्य समाचार''

- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने युवाओं से नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने का किया आहवान।
- केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में 7 सौ से अधिक उपाधियां व पदक किए गए प्रदान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकु र ने विजिलेंस व एंटी–करप्शन ब्यूरो को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर करने के निर्णय को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- राष्ट्रीय लोक अदालतों में प्रदेशभर में 63 हजार से अधिक मामलों का हुआ निपटारा।

उपराष्ट्रपति

उप–राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने सभी नागरिकों से नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आहवान किया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में आज उन्होंने कहा कि नशा युवाओं, समाज और राष्ट्र को बुरी तरह प्रभावित करता है। संबोधन के दौरान उपराष्ट्रपति ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति और परंम्पराओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता–––

केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि स्टार्टअप और मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने युवाओं के लिए नए रास्ते खोल दिए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने में छात्र व युवा सबसे महत्वपूर्ण हितधारकों में से है। उपराष्ट्रपति ने केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्त परिसर बनाने की दिशा में की गई पहलों की सराहना भी की।

उपराष्ट्रपति ने डिग्री हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि केंद्रीय विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को उत्साहपूर्वक लागू कर रहा है।

दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन का पहली बार हिमाचल आने पर आभार जताया और कहा कि ये गर्व का विषय है कि आज के दीक्षांत समारोह में 33 स्वर्ण पदक विजेताओं में से 23 छात्राएं हैं। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि बेटियां शिक्षा, शोध और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

समारोह में कृषि मंत्री चंद्र कुमार, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, सांसद राजीव भारद्वाज और अनुराग ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह के दौरान 7 सौ से अधिक उपाधियां व पदक प्रदान किए गए। इस बीच उपराष्ट्रपति ने धर्मशाला में युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला।

## एलपीजी सिलेंडर

केंद्र सरकार ने नागरिकों से एल.पी.जी. सिलेंडर की जल्दबाजी में बुकिंग न करने और आवश्यकता पड़ने पर ही बुकिंग करने का आग्रह किया है। पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक सिलेंडरों का वितरण शुरू हो गया है। उन्होंने लोगों से डिजिटल माध्यम से ही सिलेंडरों की बुकिंग करने को कहा है।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार द्वारा विजिलेंस व एंटिकरप्शन ब्यूरो को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर करने के निर्णय को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि इस फैसले से स्पष्ट है कि सरकार पारदर्शिता से डरती है और राज्य में फैलते भ्रष्टाचार को छिपाने का प्रयास कर रही है। जयराम ठाकुर ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि व्यवस्था परिवर्तन वाली प्रदेश सरकार अपने ही आलाकमान द्वारा बनाए गए कानून के खिलाफ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी हैरानी की बात ये है कि इस तरह का बड़ा निर्णय विधानसभा में बिना विधायी प्रक्रिया पूरा किए लिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को तुरंत इस फैसले को वापिस लेने की सलाह दी है।

## आभार

इस बीच जयराम ठाकुर ने पिछले वर्ष की प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र द्वारा प्रदेश को करीब दो सौ 88 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने पर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि ये राशि प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास में संजीवनी का काम करेगी। जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार से इस धनराशि का उपयोग केवल आपदा प्रभावितों की मदद के लिए ही सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने भी आपदा राहत के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा प्रदेश हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है और केंद्र सरकार आगे भी हिमाचल को हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

## अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बच्चों को शिक्षा के साथ–साथ धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज ऊना ज़िले के राजकीय महाविद्यालय हरोली के वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, समय का सही उपयोग और लगातार प्रयास से ही निर्धारित लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र को एक विकसित, शिक्षित और समृद्ध क्षेत्र के रूप में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## लोक अदालत

प्रदेश की सभी अदालतों में प्री–लिटिगेशन और लंबित मामलों के निपटारे के लिए आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया के संरक्षण और न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में हुई इन अदालतों में आपसी सहमति से मामले निपटाए गए। शिमला ज़िला व सत्र न्यायाधीश रंजीत सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख 3 हजार 64 मामले उठाए गए, जिनमें से 63 हजार सात सौ 56 मामलों का निपटारा किया गया।

**पठानिया**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चंबा ज़िले के भटियात विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के तहत एक सौ 46 करोड़ रुपये के कार्य किए जा रहे हैं। भटियात क्षेत्र की मलून्डा पंचायत में आज एक सम्पर्क मार्ग के शिलान्यास अवसर पर उन्होंने कहा कि भटियात के दूरदराज गांवों को प्राथमिकता के आधार पर सड़कों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अन्य विकास कार्यों को भी निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के प्रयास जारी है। पठानिया ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र विशेषकर दूरदराज इलाकों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

**जगत सिंह**

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित प्रत्येक परिवार तक जल्द राहत पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने आज ऊना में बताया कि सरकार ने उन परिवारों के लिए राहत राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है जिनके घर आपदा में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस दौरान उन्होंने ऊना विधानसभा क्षेत्र के 59 आपदा प्रभावित परिवारों को 75 लाख रुपये की राहत राशि के चैक भी वितरित किए।

**भाजपा**

भारतीय जनता पार्टी की एक विशेष बैठक आज पालमपुर में आयोजित की गई जिसमें कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में पार्टी प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन परमार और राज्य सभा सांसद सिकंदर कुमार सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। अपने संबोधन में श्रीकांत शर्मा ने कांग्रेस पर जनता को गुमराह करने की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक षडयंत्रकारी पार्टी है और भाजपा उसके हर षडयंत्र का पर्दाफाश करने का काम करेगी। इस दौरान विपिन परमार ने कहा कि भाजपा संविधान के मार्ग पर चलते हुए देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रही है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने युवाओं से नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने का किया आहवान।
- केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के दीक्षांत समारोह में 7 सौ से अधिक उपाधियां व पदक किए गए प्रदान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने विजिलेंस व एंटी–करप्शन ब्यूरो को सूचना के अधिकार के दायरे से बाहर करने के निर्णय को बताया दुर्भाग्यपूर्ण।
- राष्ट्रीय लोक अदालतों में प्रदेशभर में 63 हजार से अधिक मामलों का हुआ निपटारा।

——————————————